हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 22 जून 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, सामाजिक...



07 विधायक, डीएम, एसपी ने कर्मचारियों संग योग...



श्रद्धालुओं को कीचड़ में वाहन से उतरना पड़ता है, कीचड़ से परेशानियों का सामना करना पड़ता

मां बगलामुखी मंदिर परअव्यवस्थाओं व समस्याओं के निराकरण की मांग का कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर पर व्याप्त अव्यवस्थाओं एवं समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी एवं पार्षद गोवर्धन वेदिया द्वारा ज्ञापन कलेक्टर प्रीति यादव को सौपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि बाहर से आये हुए श्रृद्धालुओ के वाहन पार्किंग स्थल पूर्ण रूप से कच्ची जगह पर है। वर्तमान मे वर्षाकाल के दौरान बारिश होने पर पार्किंग स्थल पर किचड़ होने से वाहन के पहिये फस जाते है एवं श्रृद्धालुओ किचड़ भरे स्थल पर वाहन से उतरना पड़ता है, जिस कारण श्रृद्धालु किचड़ में फस जाते है एवं अनावश्यक परेशानियो का सामना करना पड़ता है। श्रृद्धालुओ की उक्त समस्या के समाधान हेतु पार्किंग स्थल की कच्ची जगह को व्यवस्थित किया जावे। मंदिर परिसर वर्तमान मे वर्षाकाल के दौरान बारिश होने पर बाहर से आये हुए श्रद्वालुओ को वर्षा के पानी से बचाव हेतु पर्याप्त इंतजाम नही होने से अव्यवस्थाओ का सामना करना पड़ता है। साथ ही मंदिर समिति के अधीन मंदिर के पीछे 2 यज्ञशाला संचालित है जिसमे श्रद्वालुओ द्वारा हवन किये जाते है। दोनो यज्ञशाला मे बारिश के दौरान पानी टपकने से श्रद्वालुओ को यज्ञ कार्य मे बाधा उत्पन्न होती है। उक्त समस्या के समाधान हेतु यज्ञशाला के टीन शेड की रिपेयरिंग अथवा नये टीन शेड लगाये जावे ताकि पानी टपकने की समस्या का स्थाई समाधान हो सके।

वर्तमान मे मंदिर एवं मंदिर परिसर क्षेत्र मे विद्युत प्रवाह बंद होने पर वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था में कमियों होने से कई बार श्रद्धालुओं को अंधेरे में ही मोबाईल की रोशनी में हवन, दर्शन करने पड़ते है। वैकल्पिक विद्युत अव्यवस्थाओ के संबंध मे कुछ दिनो पूर्व मिडिया मे भी उक्त अव्यवस्था सामने आई थी। श्रृद्धालुओ की सुविधाओ को दृष्टिगत रखते हुए मंदिर एवं संपूर्ण मंदिर परिसर क्षेत्र मे आवश्कतानुसार वैकल्पिक एवं गुणवत्तापूर्वक स्थाई विद्युत उपकरण लगाये जाने से उक्त समस्या का स्थाई समाधान होगा। वर्तमान मे माँ बगलामुखी मंदिर के आसपास एवं परिसर क्षेत्र व्यवसायिक रूप से विकसित हो रहा है। लाखो की संख्यों मे श्रद्धालुओ का आवागमन लगा रहता है। मंदिर एवं मंदिर क्षेत्र मे आगजनि की दुर्घटना होने पर तत्काल आगजनि पर काबू पाने हेतु मंदिर परिसर मे स्थाई फायर वाहन अति आवश्यक है। ताकि आगजनि की घटना होने पर तत्काल कार्रवाई की जा सके एवं जान-माल की हानि होने से बचाया जा सके। इसके साथ ही ज्ञापन में पंडितों के रजिस्ट्रेशन एवं अन्य समस्याओं का उल्लेख करते हुवे उनका समाधान किये जाने की मांग की गई।

मां बगलामुखी मंदिर की वीआईपी पार्किंग से बाइक चोरी, स्थाई पुलिस चौकी की मांग

नलखेड़ा। विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर परिसर में वाहन चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। शुक्रवार रात्रि लगभग 8:50 बजे मंदिर परिसर स्थित वीआईपी पार्किंग से एक मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संदीप खरे पिता पीरूलाल खरे की सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी-70-सी-7468 अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई। घटना के बाद मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें बाइक ले जाते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति कैमरे में कैद हुआ है। हालांकि मंदिर परिसर और मुख्य निकास द्वार पर पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे होने के कारण संदिग्ध की स्पष्ट पहचान नहीं हो सकी। बताया जा रहा है कि जिस दिशा से चोर वाहन लेकर बाहर निकला, वहां कैमरों की व्यवस्था नहीं होने से जांच में कठिनाई आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर परिसर से दोपहिया वाहनों की चोरी की घटनाएं समय-समय पर सामने आती रही हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र इस विश्व प्रसिद्ध मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसी मुद्दे को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी तथा पार्षद गोवर्धन वेदिया ने पुलिस अधीक्षक आगर-मालवा को मांग पत्र सौंपा है। मांग पत्र में मंदिर परिसर में स्थायी पुलिस चौकी स्थापित करने, सुरक्षा कर्मियों की संख्या बढ़ाने तथा आधुनिक सीसीटीवी कैमरों का जाल बिछाने की मांग की गई है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि मंदिर परिसर में स्थायी पुलिस चौकी स्थापित होने से चोरी सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकेगा तथा श्रद्धालुओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध होगा। उन्होंने प्रशासन से श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

नलखेड़ा में नेत्र शिविर का आयोजन

118 लोगों की आंखों की जांचकर 17 का ऑपरेशन के लिए चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सर्वकल्याण तथा राजीव लोचन धार्मिक समिति नलखेड़ा के तत्वावधान में एक विशाल नेत्र शिविर का आयोजन रविवार को नगर में संपन्न हुआ। नेत्र शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा 118 लोगो के नेत्रों की जाँचकर उपचार दिया गया तथा 17 लोगो को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए शंकरा आई सेंटर इंदौर के लिए चयनित किया गया। राजीव लोचन धार्मिक समिति नलखेड़ा एवं शंकरा आई सेंटर इंदौर के सौजन्य से 21 जून को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर माधवकुंज जायसवाल कॉलोनी में निशुल्क नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक हुआ। शिविर में श्री राम संकीर्तन यात्रा नलखेड़ा की देव दुर्लभ टोली व नगर के अन्य गणमान्य नागरिकों का सहयोग प्राप्त हुआ। वार्ड पार्षद वंदना जायसवाल द्वारा चिकित्सकों की टीम का स्वागत कर श्री राम कीर्तन यात्रा जिनके द्वारा इस विशाल नेत्र शिविर के लिए सहयोग प्रदान किया उन्हें धन्यवाद दिया गया। नेत्र शिविर में 118 लोगो के नेत्रों की जाँचकर उपचार दिया। तथा 17 लोगो का मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए शंकरा आई सेंटर इंदौर के लिए चयन हुआ।

संभागीय अध्यक्ष बनने पर आर्य का सम्मान किया



नलखेड़ा। कृषि आदान विक्रेता संघ उज्जैन संभाग के अध्यक्ष बनने पर मोहन आर्य का स्थानीय इकाई द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। स्थानीय श्रीनाथ धाम मंदिर परिसर में कृषि आदान विक्रेता संघ के नवनिर्वाचित संभागीय अध्यक्ष मोहन आर्य (कानड़) का स्थानीय कृषि आदान विक्रेता संघ द्वारा सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में अतिथि के रूप में मनोज जैन बड़ोद,सिद्धनाथ कानड, नरेंद्र गुप्ता आगर ,रामकरण यादव आदि उपस्थित थे। सम्मान समारोह में स्थानीय व्यापारी ज्ञानचंद फाफरिया, रोडमल पाटीदार, दौलतराम पाटीदार, अशोक मकवाना, प्रणय शर्मा, दिलीप बगड़ावत,दिनेश राठौर,हर्ष खंडेलवाल,मोहित फाफरिया आदि द्वारा आर्य का पुष्पहार पहनाकर, साफा बांधकर व मां बगलामुखी की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुवे नवनिर्वाचित संभागीय अध्यक्ष आर्य ने कहा कि खाद बीज व्यवसाय में आने वाली चुनौतियों का सामना व्यापारी एकता से ही संभव है एवं जिले के सभी व्यापारियों को हमेशा एक रहने का आग्रह किया गया। उनके द्वारा शासन की आगामी कृषि नीतियों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन दाऊलाल मित्तल ने किया एवं आभार नलखेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष ओम पाटीदार ने व्यक्त किया।

योग दिवस पर नवीन कृषि उपज मंडी आगर में हुआ आयोजन

योग स्वस्थ जीवन की पहली सीढ़ी, इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को नवीन कृषि उपज मंडी आगर परिसर में जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों, विद्यार्थियों तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस संदेश को भी सुना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक मधु गहलोत रहे तथा विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष ओम मालवीय,पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी, जनप्रतिनिधि भैरूसिंह चौहान, हरिनारायण यादव, डॉ.कैलाश मकवाना, आभा चोपड़ा, ब्रह्माकुमारी किरण दीदी, योगाचार्य हरिश श्रीवास्तव, हरिनारायण यादव मंचासीन रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक श्री गहलोत ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन की पहली सीढ़ी है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि सकारात्मक, संतुलित एवं बेहतर जीवनशैली का आधार है। उन्होंने कहा कि योग को केवल एक दिवस तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। योग को नियमित रूप से अपनाकर हम स्वयं को स्वस्थ रख सकते हैं तथा आने वाली पीढ़ियों को भी स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन का मंत्र दे सकते हैं। जिलाध्यक्ष मालवीय ने कहा कि भारत की प्राचीन योग परंपरा को विश्व पटल पर स्थापित करने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है, जिनके प्रयासों से आज विश्व के अनेक देशों में योग को अपनाया जा रहा है। योग मानव को निरोग, स्वस्थ एवं तनावमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने योगाचार्यों के मार्गदर्शन में निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योग क्रियाओं एवं आसनों का अभ्यास किया। इस दौरान ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, भुजंगासन, मकरासन, सेतुबंधासन, पवनमुक्तासन सहित विभिन्न योगासन किए गए। इसके साथ ही कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी एवं ध्यान का अभ्यास भी कराया गया। योगाचार्यों ने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी देते हुए नियमित योगाभ्यास का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी नागरिकों ने स्वस्थ तन-मन, तनावमुक्त जीवन एवं निरोग समाज के निर्माण हेतु नियमित योग करने का संकल्प लिया। प्रतिभागियों ने यह भी संकल्प व्यक्त किया कि वे योग को अपनी दैनिक जीवनचर्या का हिस्सा बनाकर स्वयं स्वस्थ रहने के साथ-साथ परिवार एवं समाज को भी योग के प्रति जागरूक करेंगे। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत बीएस सोलंकी, एसडीएम मिलिंद ढोके, डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई, नगर पालिका सीएमओ कुशाल सिंह ढोढ़वे मौजूद रहे।

शासकीय महाविद्यालय में योग कार्यक्रम आयोजित किया

स्वस्थ रहना है, तो योग को अपनाना पड़ेगा: डॉ रावल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



स्थानीय सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जी एल रावल की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को प्रातः 7 बजे महाविद्यालय में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम स्टाफ एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में योग गतिविधियां की गई साथ ही योग के महत्व एवं स्वास्थ्य लाभ पर प्राचार्य डॉ रावल ने उद्बोधन दिया और कहा कि योग करने से व्यक्ति निरोग रहता है यदि हमें स्वस्थ रहना है, तो योग को अपनाना पड़ेगा। योग करने से शारीरिक तंदुरुस्ता आती है एवं स्वास्थ्य ठीक रहता है। मानसिक तनाव दूर होता है, थकान दूर होती है, कार्य के प्रति लगन बढ़ती है। योग की गतिविधियों को क्रीड़ा अधिकारी डॉ आशीष सांखला ने संचालित की । अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ जगदीश प्रसाद कुल्मी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

योगाभ्यास से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता

नलखेड़ा । 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देवली रोड स्थित अपनाघर वृद्ध आश्रम, सुंदरम कॉलोनी में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आश्रम में निवासरत वरिष्ठजन, महिलाएं एवं आश्रम स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योगाभ्यास के दौरान सभी प्रतिभागियों ने स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। आश्रम संचालिका मीना जयंत ने बताया कि योग मानव जीवन को स्वस्थ, निरोग एवं तनावमुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आयुष विभाग के कर्मचारियों द्वारा भी योग कराया गया। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ भारत एवं योगमय जीवन के संदेश के साथ किया गया।



सड़कों पर गोवंश, राहगीर परेशान



नलखेड़ा। नगर के प्रमुख मार्गों व गली मोहल्लों की सड़कों पर लावारिस गोवंश का कब्जा हो जाने से वाहन चालकों व राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिम्मेदारों द्वारा तत्काल सड़कों से गोवंश को हटाने की कार्रवाई की जाना चाहिए। इन दिनों नगर के मुख्य मार्गों सहित गली मोहल्लों की सड़कों पर लावारिश गोवंश का कब्जा दिखाई दे रहा है। कहीं सड़क पर बैठे तो कहीं खड़े रहने से मार्ग बाधित हो रहे है। इन गोवंश में से कई सांड भी है जोकि आपस मे लड़ते रहते है जिसके कारण कई बार छोटी मोटी घटना भी हो चुकी है। लगभग प्रतिदिन इनके लड़ने से चौपहिया व दोपहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हो रहे है। सड़क पर लावारिस गोवंश का कब्जा होने से कई बार तो वाहन चालकों को तो दूर राहगीरों को पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है। अब जबकि कुछ स्कूल प्रारम्भ हो चुके है तो शेष आने वाले कुछ दिनों में प्रारम्भ हो जायेगे। ऐसे में सुबह से शाम तक स्कूल आने जाने वाले बच्चों की आवाजाही भी अब सड़को पर रहेगी। ऐसे में किसी दिन कोई बड़ी दुर्घटना हो उसके पूर्व ही स्थानीय प्रशासन को सड़कों पर कब्जा किये लावारिस गोवंश को गोशालाओं में पहुंचाने की कारईवाई की जाना चाहिए।

योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर, पूरा विश्व अपना रहा





नलखेड़ा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर सामूहिक योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नगर में प्रातः 6 बजे से माँ बगलामुखी मंदिर परिसर में आयुष विभाग एवं नगर परिषद के माध्यम से योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के योगासन, प्राणायाम आदि किए गए। योग प्रशिक्षक बाबूलाल शर्मा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास से जीवन में कई प्रकार के लाभ होते हैं, नियमित योग करने से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, कपालभाति सहित अनेक योग क्रियाओं का अभ्यास किया। इस अवसर पर वक्ताओं द्वारा बताया गया कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। उन्होंने सभी उपस्थितजनों से प्रतिदिन योग करने एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री पवन वेदिया, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष साक्षी सकलेचा, तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव, प्रभारी सीएमओ प्रेमशंकर परमार, नगर परिषद के पार्षद गण सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी तथा नागरिकगण उपस्थित थे।

साढ़े सैतीस करोड़ का भवन एक वर्ष से धूल खा रहा

सांदीपनि स्कूल का भवन को उदघाटन का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में करोड़ो रूपये लागत की सान्दीपनि स्कूल की बिल्डिंग गत एक वर्ष से बनकर तैयार खड़ी है लेकिन उद्घाटन नही होने के कारण यह गत एक वर्ष से धूल खा रही है। वही दूसरी ओर पुराने व छोटे भवन में संचालित सान्दीपनि स्कूल में विद्यार्थियों के बैठने तक का स्थान नही है।नगर के बल्डावदा हनुमान मंदिर के सामने लगभग 37.5 करोड़ रुपये की लागत से सान्दीपनि स्कूल की विशाल बिल्डिंग का निर्माण हुआ है। यह बिल्डिंग लगभग एक वर्ष पूर्व से बनकर तैयार खड़ी है लेकिन उद्घाटन नही होने के कारण अभी तक यहाँ स्कूल का संचालन प्रारम्भ नही हुआ है। जिसके चलते यह भवन एक वर्ष से धूल खा रहा है। संभावना व्यक्त की जा रही थी कि नए शिक्षा सत्र से सान्दीपनि विद्यालय का संचालन नए भवन में प्रारम्भ होगा लेकिन नया शिक्षा सत्र प्रारम्भ हो चुका है और सान्दीपनि विद्यालय का संचालन उसी पुराने व छोटे भवन में हो रहा है।सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजनैतिक हल्कों में यह चर्चा विगत 6 माह से अधिक समय से चल रही है कि सान्दीपनि स्कूल का उद्घाटन करने मुख्यमंत्री आएंगे। लेकिन आज तक मुख्यमंत्री का कोई कार्यक्रम नही बन पाया है।

नए शिक्षा सत्र में विद्यार्थियों की संख्या हुई 1600

शासन द्वारा निर्धारित नियमों के चलते उक्त सान्दीपनि स्कूल में नगर सहित आसपास के अन्य स्कूल मर्ज किए जा चुके है। साथ ही निजी स्कूल की तर्ज व नई शिक्षा नीति के अनुसार कक्षा नर्सरी से 12वीं तक की कक्षाओं में विद्यार्थियों को प्रवेश भी दिया जा चुका है। जिसके चलते सान्दीपनि स्कूल में नए शिक्षा सत्र में विद्यार्थियों की संख्या 1600 हो चुकी है। 48 की तुलना में मात्र 22 कमरेवर्तमान में जिस भवन में सान्दीपनि स्कूल संचालित हो रहा है वह विद्यार्थियों की संख्या के मान बहुत छोटा है। नए शिक्षा सत्र की विद्यार्थियों की संख्या 1600 है, जिसके मान से स्कूल संचालन के लिए 48 कक्षों की आवश्यकता है लेकिन पुराने भवन में मात्र 22 कक्ष ही है। ऐसे में एक कक्ष में दो दो कक्षाओं को लगाने की मजबूरी होगी। जोकि देश की भावी पीढ़ी के साथ सरासर अन्याय होगा। किसी भी दल की सरकार हो, अपने द्वारा किये गए कार्यो की वाह वाही लेती ही है, इसके लिए उन कार्यो का भूमि पूजन, लोकार्पण अथवा उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किये जाते है।



खबर संक्षेप

अनुसूचित जाति आयोग सदस्य का किया स्वागत



चापडा। एक दिवसीय दौरे के दौरान देवास आगमन पर अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य (राज्य मंत्री दर्जा) संत शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ अंतरराष्ट्रीय संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार का स्वागत नप करनावद उपाध्यक्ष राजेश गोयल के नेतृत्व में समाज के लोगों ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष लिला भेरूलाल अटारिया, भाजपा जिला महामंत्री मनीष सोलंकी,अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रमोद डोंगलिया, पार्षद सोनु परमार,मनोहर परमार, मनीष डांगी,राधेश्याम रैकवार एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

हाफिज घोसी बने कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ अध्यक्ष




देवास। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार, संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष देवास मनीष चौधरी शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम की सहमति से प्रदेश परिवहन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह पांधे द्वारा प्रस्तुत प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव को अनुमोदित करते हुए हाफिज घोसी को कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ का देवास शहर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। हाफिज घोसी की नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में हर्ष का माहौल है। उनकी नियुक्ति पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम, राजा पडियार, दिपेश हरोड़े, इरशाद कुरैशी, शहबाज शेख, गौरव जोशी, रियाज नागौरी, आरिफ मेव, रईस कामदार, अंकित खरे एवं यशवंत कुशवाह सहित अनेक कांग्रेसजनों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कांग्रेस नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि हाफिज घोसी के नेतृत्व में परिवहन प्रकोष्ठ संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिले भर में सामूहिक योग कार्यक्रमआयोजित हुए

जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, सामाजिक संगठनों, स्कूली बच्चों और नागरिकों ने किया सामूहिक योग







> सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी बोले, योग हमारे मन, शरीर और आत्मा को शुद्धता एवं संतुलन प्रदान करता है।
>
> हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को जिला मुख्यालय देवास सहित सम्पूर्ण जिले में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए गये। देवास में जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी के मुख्य आतिथ्य में गणेश मंदिर के सामने चौपाटी स्थल पर आयोजित हुआ। जिसमें जनप्रतिनिधिगण, अधिकारिगण, सामाजिक संगठनों, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान, स्वयंसेवी संस्थाएं तथा छात्र-छात्राओं द्वारा एक साथ योग किया गया। जिला स्ततरीय कार्यक्रम में योग का प्रारंभ प्रार्थना के साथ हुआ। इस दौरान नगर निगम सभापति रवि जैन, राजेश यादव, भैरूलाल अटारिया, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर ऋतुराज सिंह , पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन सहित अन्य जिलाधिकारी/कर्मचारी, सामाजिक संगठन, पत्रकार, स्कूली बच्चे एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थिति थे। जिले के विकासखण्डों में भी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में योग दिवस मनाया गया। सांसद सोलंकी ने कहा कि योग प्रकृति का दिया हुआ अमूल्य उपहार है। योग भारत की अत्यंत प्राचीन एवं गौरवशाली विद्या है, जो हमारे मन, शरीर और आत्मा को शुद्धता एवं संतुलन प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जिलेवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्साह एवं उमंग के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत है, जिसे आज विश्वभर में अपनाया जा रहा है।

जटाशंकर तीर्थ स्थल पर आयोजित हुआ योग दिवस कार्यक्रम

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जटाशंकर तीर्थ पर विकासखंड स्तरीय योग कार्यक्रम जनपद पंचायत बागली के तत्वावधान में में संपन्न हुआ। ब्लाक योग प्रभारी व सुयोग्य योग प्रशिक्षक शीला जितेन्द्र चावड़ा तथा सहयोगी योग प्रशिक्षक कमल किशोर द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कोलकाता से प्रसारित योग कार्यक्रम के साथ उपस्थित प्रबुद्ध जनों, जनप्रतिनिधि,अधिकारी व कर्मचारी गणों को योग क्रियाए उपयोगिता बताते हुए संपन्न कराई। मंच पर सांदीपनि विद्यालय की ओर से सरस्वती पूजन व सरस्वती वंदना संपन्न कर मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव, फारेस्ट एसडीओ जामोद, तहसीलदार पीहू कुरील तथा अभिभाषक सुर्य प्रकाश गुप्ता का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। लगातार 12 वर्षों से लगातार शासन प्रशासन के निर्देशन में एक ही जाजम पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग प्रशिक्षक शीला राठौर द्वारा योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसके चलते राठौर का भी सम्मान किया गया। संचालन संकुल सहसमन्वयक वारिस अली ने किया तथा आभार जनपद की ओर से नीरज कानूनगो ने माना।

शाउमा विद्यालय कांटाफोड़ में योगाभ्यास

कांटाफोड़। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांटाफोड़ में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपनाने का संकल्प लिया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष कैलाश अमोदिया, एल्डरमैन सत्यनारायण तिवारी बंधु एवं पार्षद प्रतिनिधि इस्लामुद्दीन पटेल द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का सीधा प्रसारण उपस्थितजनों को दिखाया गया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रेरणादायी संदेश भी सभी ने सुना। योग प्रशिक्षक जयंती जगताप एवं पूनमचंद कर्मा ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष कैलाश अमोदिया, एल्डरमैन सत्यनारायण तिवारी बंधु एवं विद्यालय के प्राचार्य राकेश तिवारी ने कहा कि वर्तमान भागदौड़ भरे जीवन में योग शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में शिक्षक बालकृष्ण शर्मा, लखन मालवीय, आशीष भावसार, दिलीप पंवार, सोनू कुमार, पप्पू राठौर, आनंद अमोदिया सहित विद्यालय परिवार एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

बच्चों को बताया योग और सूर्य नमस्कार का महत्व



भौरासा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विवेकानंद युवा महामंडल, मांगलिया इंदौर के तत्वावधान में विवेकानंद स्टडी सर्कल डकाच्या द्वारा माधव बाल विद्या मंदिर, डकाच्या में योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को योग के महत्व एवं उसके स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभी बच्चों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया तथा सूर्य नमस्कार से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों को प्रतिदिन सुबह उठकर कम से कम पाँच मिनट तक आंखें बंद कर मन को एकाग्र करने का अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया कि नियमित रूप से ऐसा करने से एकाग्रता एवं आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। कार्यक्रम में विवेकानंद एडवांस एकेडमी, पांदा जागीर के संचालक लाखन मादवतिया एवं स्वामी विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल, नाराणा के प्राचार्य राकेश कुमावत विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं विवेकानंद युवा महामंडल के अध्यक्ष रवि शंकर भाटिया ने योग दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सभी से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। योग दिवस के इस आयोजन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर स्वस्थ जीवन के लिए योग अपनाने का संकल्प लिया।

सेन थॉम एकेडमी में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सेन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह एवं उल्लास के साथ विद्यालय के सभागार में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. शशिकला यादव, योग, आहार एवं नैचुरोपैथी विशेषज्ञ, के स्वागत से हुआ। उनका स्वागत विद्यालय की निदेशिका हैन्सी थॉमस ने किया।कार्यक्रम अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया, जिसके पश्चात प्रधानमंत्री मोदी का देशवासियों के नाम संबोधन प्रसारित किया गया।

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (2026) की आधिकारिक वैश्विक थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग है। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि योग केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की दैनिक जीवनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति 40 वर्ष की आयु में भी लचीला तथा 50 वर्ष की आयु में भी ऊर्जावान बना रह सकता है। इसके उपरांत सभी प्रतिभागियों ने विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया।विद्यालय परिसर में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. शशिकला यादव ने योग के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं स्टाफ सदस्यों को विभिन्न योगाभ्यास करवाए तथा स्वास्थ्य एवं योग से संबंधित उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।



स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देते हुए उन्होंने प्रतिदिन कम-से-कम 20 मिनट योग करने तथा नियमित अभ्यास के माध्यम से शरीर के विभिन्न अंगों पर नियंत्रण एवं उन्हें सशक्त बनाने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थितजनों के इस संकल्प के साथ हुआ कि वे योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाकर स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन शैली अपनाएंगे।इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष सुनील थॉमस एवं प्राचार्य पुनीत उपाध्याय भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन निपुणिका शर्मा ने किया तथा शिवांजली नायर ने आभार प्रदर्शन किया।

मोर्चा की बैठक संपन्न, संगठन विस्तार पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा की जिला स्तरीय परिचयात्मक बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में संगठन की आगामी गतिविधियों, सदस्यता अभियान तथा मोर्चे के विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक की अध्यक्षता भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की जिला अध्यक्ष टिंकी बारेला ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वागत भाषण दिया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री अखिलेश धुरिया ने किया। आभार जिला महामंत्री संतोष देवड़ा ने किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम, प्रदेश महामंत्री सोहन मरावी प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज, संभाग प्रभारी राकेश कटारा, प्रदेश मंत्री खुशीलाल राठौर, तथा जिला प्रभारी शैलेंद्र सिंह चौहान सहित अनेक प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति समाज के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की रीति-नीति एवं केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मोर्चा के कार्यकर्ता बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाकर समाज के प्रत्येक वर्ग को पार्टी से जोड़ने का कार्य करें तथा आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाएं।बैठक को प्रदेश महामंत्री सोहन मरावी, भाजपा जिला महामंत्री राजेश यादव ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने संगठन की मजबूती, सामाजिक समरसता तथा सरकार की जनहितकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने पर बल दिया।इस अवसर पर जिला महामंत्री राजेश यादव, मनीष सोलंकी, जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार, अनीता प्रकाश चौहान राहुल पटेल हरिसिंह कलम कृष्णा भाई भगवान दास कासलीवाल निर्मल मुजाल्दे संजय ठाकुर गणेश भोंसले हेमराज ओसारी अनिल ठाकुर भूर सिंह जाधव रवि बाथम गोपाल भल्लवी रामप्रसाद डाबी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।



देवास पुलिस की निगरानी में री-नीट परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

पंजीकृत 1727 में से 1576 अभ्यर्थियों ने पांच केंद्रों पर दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में रविवार को पांच परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच री-नीट परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के लिए कुल 1727 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 1576 अभ्यर्थियों ने पांच केंद्रों पर परीक्षा दी। सुबह से ही परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावकों की भीड़ दिखाई दी, जहां भावनात्मक और उत्साहवर्धक दृश्य देखने को मिले।कई अभिभावक अपने बच्चों को परीक्षा दिलाने के लिए केंद्रों तक पहुंचे। परीक्षा शुरू होने से पहले माता-पिता अपने बच्चों का मनोबल बढ़ाते नजर आए।

किसी मां ने बेटी को आशीर्वाद देकर सफलता की कामना की तो कई पिताओं ने बेटों की पीठ थपथपाकर उन्हें आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया।परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों का प्रवेश सुबह 11 बजे से शुरू हुआ, जबकि दोपहर 1:30 बजे प्रवेश बंद कर दिया गया। सभी केंद्रों पर पुलिस, प्रशासन और परीक्षा प्रबंधन की टीमों ने सुरक्षा के कई स्तरों पर निगरानी रखी।इस दौरान कुछ अभ्यर्थियों को परीक्षा नियमों के चलते असुविधा का सामना भी करना पड़ा। कई छात्र-छात्राएं चांदी की अंगूठी, आर्टिफिशियल चूड़ियां, चाबियां तथा अन्य प्रतिबंधित सामग्री लेकर पहुंचे थे, जिन्हें बाहर रखवाया गया। वहीं कुछ अभ्यर्थी मूल आधार कार्ड साथ नहीं लाए थे। ऐसे मामलों में पुलिस और प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए ऑनलाइन दस्तावेज निकलवाने में सहायता की और अभ्यर्थियों को समय पर परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया।कुछ विद्यार्थी जल्दबाजी में गलत परीक्षा केंद्र पर भी पहुंच गए।





उदाहरण के तौर पर कुछ अभ्यर्थी चिमनाबाई स्कूल पहुंच गए, जबकि उनका वास्तविक केंद्र केपी कॉलेज था। पुलिसकर्मियों ने ऐसे विद्यार्थियों को सही परीक्षा केंद्र तक पहुंचाकर उनकी परेशानी दूर की।आष्टा की परीक्षार्थी प्रियांशी सोनी अपना आधार कार्ड परीक्षा केंद्र पर लाना भूल गई थीं। इस स्थिति में देवास पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें आधार सेंटर ले जाकर आधार कार्ड डाउनलोड करवाया, जिसके बाद वह समय पर परीक्षा में शामिल हो सकीं। प्रियांशी की मां सरिता सोनी ने देवास पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस की मदद से उनकी बेटी परीक्षा दे पाई।री-नीट परीक्षा को लेकर देवास पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। पुलिस अधीक्षक ने स्वयं पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शहर में सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस तैनात की गई, जबकि परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया। आसपास के क्षेत्रों में पेट्रोलिंग टीमें लगातार भ्रमण करती रहीं। साथ ही सोशल मीडिया पर भी सतत निगरानी रखी गई।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल का कांग्रेसजनों ने स्वागत किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

भोपाल से देवास की ओर जाते समय मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय सिंह का नेवरी फाटा क्रॉसिंग पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा आत्मीय स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नगजीराम यादव ने किया।इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अजय सिंह राहुल 'भैया' को चुनरी एवं दुपट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया तथा संगठनात्मक गतिविधियों और क्षेत्रीय मुद्दों पर संक्षिप्त चर्चा भी की। स्वागत कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेशचंद ईनानी, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़, किसान कांग्रेस महामंत्री उमेश धाकड़, अनुसूचित जाति जिला उपाध्यक्ष दिनेश चौहान, मंडलम अध्यक्ष मनोहर यादव, चंदर सिंह अमलावतीय, छोटेलाल यादव, अनुसूचित जाति जिला उपाध्यक्ष मुकेश सोलंकी, राजेश परमार, बच्चू भाई मेव, पीरू भाई ठेकेदार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस लाइन में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

विधायक, डीएम, एसपी ने कर्मचारियों संग योग किया, स्वस्थ जीवनशैलीका संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन्स में भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश तथा पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया। साथ ही योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ योगाभ्यास कर नियमित योग करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से संतुलित और आत्मिक रूप से सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से कार्यक्षमता, एकाग्रता तथा तनाव प्रबंधन में उल्लेखनीय सुधार होता है, जिससे पुलिस बल अपने दायित्वों का अधिक दक्षता और समर्पण के साथ निर्वहन कर सकता है। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक वैज्ञानिक पद्धति है, जो स्वस्थ तन, शांत मन और सशक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन तथा पुलिस कर्मियों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने प्रतिदिन योग करने और अपने परिवार व समाज के अन्य लोगों को भी योग के प्रति प्रेरित करने का संकल्प लिया। उधर, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले के सभी थानों में भी योग शिविर आयोजित किए गए, जहां पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने योगाभ्यास कर शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का संदेश दिया। योग दिवस के आयोजन से पूरे पुलिस विभाग में स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देने का संदेश प्रसारित हुआ।



योग स्वस्थ तन, शांत मन और अनुशासित जीवन का आधार : नपाध्यक्ष

ललितपुर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नगर पालिका परिषद परिसर में शनिवार को सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने की। इस दौरान अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा सहित नगर पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। नपाध्यक्ष ने कहा कि फिट इंडिया के संकल्प को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद परिसर में योगाभ्यास आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ तन, शांत मन और अनुशासित जीवन का आधार है। नियमित योग से व्यक्ति के जीवन में ऊर्जा, सकारात्मकता और संतुलन का विकास होता है। कार्यक्रम में योगाचार्य प्रसन्न कुमार एवं नजमा बनो ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने योग को दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए इसके शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेंद्र सिंह यादव, निर्माण लिपिक दीपेंद्र कुमार, कर लिपिक चंद्र विनोद मिश्रा, नजूल लिपिक सुधीर रावत, हेड सुपरवाइजर संजय कुमार तथा गैरिज प्रभारी अमित कुमार सहित नगर पालिका परिषद के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजन

योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्प लें: विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समेकित जनझकल्याण एवं जनझजागरूकता अभियान (05 से 21 जून तक) के अंतर्गत 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में मा.सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के मुख्य आतिथ्य में दीप प्रज्वलित कर भव्य योग सत्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मा. जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, मा. राज्यमंत्री प्रतिनिधि चंद्रशेखर पंथ व अन्य जनप्रतिनिधिगणों की गरिमामई उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, उप जिलाधिकारी घनश्याम भारती, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी - डॉ विनीता भारती, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ राजेश शाक्य, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, डीपीएम आशुतोष कुमार गोस्वामी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों व सैकड़ों की संख्या में आमनगरिकों ने कीयोगाभ्यास किया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक रामू कांत, अमित झा व अन्य प्रशिक्षकों ने कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगासन कायरा और इसके लाभों के बारे में बताया। योग सत्र के का शुभारंभ योग प्रार्थना से हुआ, इसके उपरान्त, ग्रीवा संचालन (गर्दन अभ्यास), स्कंध संचालन (कंधा अभ्यास), कटि संचालन (कमर अभ्यास), घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, उत्तान मंडूकासन, पेट के बल किए जाने वाले आसन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, पीठ के बल किए जाने वाले आसन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, पवनमुक्तासन, विश्राम आसन, शवासन, प्राणायाम, कपालभाति, अनुलोम-विलोम (नाड़ी शोधन), शीतली, भ्रामरी, ध्यान, संकल्प एवं शांति पाठ से समापन किया गया।

इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने सेल्फी प्वाइंट पर योगा सेल्फी भी ली। इस अवसर पर कोलकाता में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के योग कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कर उद्बोधन लोगों को सुनाया गया इस अवसर पर सदर विधायक ने योग को भारत की विश्व को दी गई अमूल्य एवं अद्वितीय धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों के फलस्वरूप योग को वैश्विक स्तर पर व्यापक पहचान एवं सम्मान प्राप्त हुआ है। आज विश्व के अनेक देशों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। योग हमें निरोग होना सिखाता है, शरीर को स्वस्थ रखने में योग का महत्वपूर्ण योगदान होता है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक सरकारी एवं प्राइवेट विद्यालय में बच्चों को योग से जोड़ना चाहिए। बच्चे जब स्वस्थ रहेंगे तो वह अच्छी शिक्षा ग्रहण करेंगे और स्वस्थ समाज का निर्माण होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वस्थ रहना है तो रोजाना योग करना है।

आर्ट ऑफ लिविंग का भव्य योग आयोजन संपन्न

लोगों ने नियमित योग करने का संकल्प लिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस के अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से रविवार को सिविल लाइन स्थित राजवैद्य तुलसीराम औषधि पार्क में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ सुबह 6.30 बजे हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में योग साधकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के योग प्रशिक्षक सुबोध शर्मा विश्वास ने भारत सरकार द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत सभी साधकों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। योगाभ्यास के दौरान प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य, संतुलन एवं मानसिक शांति के लिए योग के महत्व को समझा और नियमित योग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी योग साधकों ने एक-दूसरे के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आर्ट ऑफ लिविंग के वैश्विक सूत्र को आत्मसात करने का संदेश दिया। उपस्थित जनों ने योग को स्वस्थ एवं समृद्ध जीवन का आधार बताते हुए इसे जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार शिखर चंद जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। आर्ट ऑफ लिविंग के वीटीपी ग्रेजुएट जगदीश द्विवेदी, वंदना भारती, ओमप्रकाश गुप्ता, जगजीत सिंह जाखड़, दानवीर सिंह, इंदु सिंह आदि मौजूद रहे।

ब्रह्माकुमारी संस्थान में योग का आयोजन किया

स्वयं से परमात्मा तक की यात्रा ही सच्चा योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा एक भव्य एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित भाई-बहनों ने राजयोग मेडिटेशन एवं योगाभ्यास कर विश्व शांति, स्वस्थ जीवन और सकारात्मक समाज निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वरीय स्मृति, ओम ध्वनि और शांति के संकल्प के साथ हुआ। बड़ी दीदी ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ बनाने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि आत्मा का परमात्मा से जुड़ने का दिव्य अनुभव है। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य स्वयं को आत्मा समझकर परमात्मा शिव से संबंध स्थापित करता है, तभी जीवन में सच्ची शांति, शक्ति और आनंद का अनुभव संभव होता है। राजयोग मेडिटेशन का विशेष अभ्यास भी कराया गया। इसमें उपस्थित लोगों ने कुछ समय के लिए स्वयं को देह से न्यारा आत्मा स्वरूप अनुभव करते हुए परमात्मा की शक्तियों का आध्यात्मिक अनुभव किया। कार्यक्रम में तनावमुक्त जीवन, सकारात्मक चिंतन, नशामुक्त समाज तथा संस्कारयुक्त परिवार निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। संस्थान की बहनों ने कहा कि वर्तमान समय की तेज रफ्तार और तनावपूर्ण जीवनशैली में राजयोग मानवता के लिए एक अमूल्य वरदान साबित हो रहा है। यह व्यक्ति को मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि योग दिवस का वास्तविक उद्देश्य केवल एक दिन योगाभ्यास करना नहीं, बल्कि पूरे जीवन को योगयुक्त और मूल्यनिष्ठ बनाना है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने प्रतिदिन राजयोग मेडिटेशन करने तथा अपने जीवन में शांति, प्रेम, सहयोग और मानवीय मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया।

योगाचार्य फूलचंद रजक ने कराया सामूहिक योगाभ्यास



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को कंपनी बाग में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योगाचार्य फूलचंद रजक ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा योग के महत्व पर प्रकाश डाला। योगाचार्य फूलचंद रजक ने बताया कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है और नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, निरोग एवं ऊर्जावान बना रहता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली और बढ़ते तनाव के कारण अनेक बीमारियां लोगों को घेर रही हैं। ऐसे में यदि नियमित रूप से योग किया जाए तो कई शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि कंपनी बाग में प्रतिदिन योग की कक्षाएं संचालित की जाती हैं, जिनमें सरल आसनों से लेकर जटिल योगासन तक सिखाए जाते हैं। योग के माध्यम से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा मन को शांति और एकाग्रता प्राप्त होती है। उन्होंने सभी लोगों से अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने का आह्वान किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उपस्थित लोगों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में योग के प्रति लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। नवीन जैन थनवारा, राजेंद्र सिंह परमार, ज्ञानचंद गुप्ता, भूपेंद्र नायक, अरुण लोहिया, अनिल जैन (इंजीनियर), सतीश जैन, राजकुमार साहू, राघवेंद्र परमार, कैलाशचंद्र जैन, राजेश पंथ आदि मौजूद रहे।

कवियों ने वीरांगना को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

रानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि पर काव्य गोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

तुलसी साहित्य अकादमी के तत्वावधान में विगत दिवस वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि पर वरिष्ठ साहित्यकार राम नामदेव काका ललितपुरी के निवास पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश कुमार झा ने की। शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्ज्वलन खेमचंद वर्मा, विभा ताम्रकार, गणेश रामबाबू एवं रामस्वरूप अनुरागी ने संयुक्त रूप से किया। इसके पश्चात कवयित्री विभा ताम्रकार ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम को भक्ति एवं साहित्य की गरिमा से ओतप्रोत कर दिया। कवि डा.खेमचंद वर्मा ने महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान पर आधारित अपनी रचना प्रस्तुत करते हुए कहा, बलिदानों की धरती जिसको हम भारत कहते हैं। वहीं डा.रमाकांत युग ने अमर शहीदों और राष्ट्रभक्ति पर आधारित कविता सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। गणेश रामबाबू ने अपनी काव्य प्रस्तुति से कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। विभा ताम्रकार ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन, संघर्ष और त्याग का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा, झांसी में जन्मी, झांसी में ब्याही, गंगा की लहरों को बेतवा में बहाई। उनकी प्रस्तुति को श्रोताओं ने खूब सराहा। चंद शास्त्री (शिक्षक) ने वीरांगना के शौर्य का वर्णन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के महासमर में उन्होंने अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए थे। साहित्यकार बृजेश श्रीवास्तव ने अपनी प्रस्तुति में कहा कि खूब लड़ी मर्दानी, वह तो झांसी वाली रानी थी। वहीं डा.शिवनारायण वर्मा ने रानी के त्याग और बलिदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी जवानी देश के नाम कर स्वतंत्रता की अलख जगाई। कार्यक्रम के अंतिम चरण में रामस्वरूप अनुरागी ने अपनी मधुर वाणी में वीर रस से ओतप्रोत रचना प्रस्तुत करते हुए कहा, तोपों और बंदूकों से भी डरी नहीं हो रानी, खूब लड़ी मर्दानी, वह तो झांसी वाली रानी। उनकी प्रस्तुति ने उपस्थित श्रोताओं में देशभक्ति का संचार कर दिया। गोष्ठी का संचालन राम नामदेव काका ललितपुरी ने किया।

सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना, जेवरात व नकदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

तालबेहट थाना क्षेत्र के अंजनी नगर में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण और नगदी चोरी कर ली। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंजनी नगर निवासी रिंकू कुशवाहा पुत्र राजाराम कुशवाहा ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 18 जून 2026 की रात अज्ञात चोर उनके घर में घुस गए। चोरों ने घर में रखी अलमारी और लॉकर के ताले तोड़ दिए तथा उसमें रखे कीमती जेवरात और नगदी चोरी कर फरार हो गए। चोरी गए सामान में एक सोने का मंगलसूत्र, चार सोने की अंगूठियां, एक सोने की मेहंदी, एक सोने की बेसर, दो चांदी के करदोना, दो जोड़ी चांदी की पायल, दो जोड़ी चांदी की बिछिया तथा 10 हजार रुपये नकद शामिल हैं। चोरी गए आभूषणों की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।

दो महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज

घर के सामने कूड़ा फेंकने का विरोध करने पर महिला को लाठी-डंडों से पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

तालबेहट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वनगुँवा कला में घर के सामने कूड़ा फेंकने का विरोध करने पर एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि विरोध करने पर गांव की दो महिलाओं ने गाली-गलौज करते हुए पीड़िता पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपित महिलाओं के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम वनगुँवा कला निवासी गीता पत्नी लक्ष्मन ने बताया कि गांव के ही विपक्षी लोग आए दिन उनके घर के सामने कूड़ा-कचरा डालते हैं, जिससे लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। शनिवार 20 जून 2026 को दोपहर लगभग 12 बजे जब विपक्षी पक्ष द्वारा फिर से घर के सामने कूड़ा फेंका जा रहा था, तब उन्होंने इसका विरोध किया।

विरोध करने पर आरोपी महिलाएं आगबबूला हो गईं और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगीं। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान उनके सिर में गंभीर चोटें आईं और वह घायल होकर जमीन पर गिर गईं। आरोप है कि जाते समय आरोपी महिलाओं ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद घायल महिला ने तालबेहट कोतवाली पहुंचकर पुलिस को शिकायत दी।

पेन्टिंग विद आयल कलर्स कला शिविर का समापन, 32 कलासाधकों का सम्मान

कलाएं जीवन को सुंदर, सुखमय व रसमय बनाती: मिनी वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



सिद्धन रोड स्थित कला भवन में वरिष्ठ कलाविद् ओमप्रकाश बिरथरे द्वारा आयोजित एक माह के विशिष्ट कला शिविर पेन्टिंग विद आयल कलर्स का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि केन्द्रीय विद्यालय की प्राचार्य मिनी वर्मा तथा अध्यक्षता कर रहीं पूर्व प्रधानाचार्य शांति मालवीय द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। शिविर के आयोजक ओमप्रकाश बिरथरे ने बताया कि 24 मई से 21 जून तक आयोजित इस शिविर में प्रतिभागियों को तेल चित्रकला का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि तैल चित्रकला की शुरुआत सातवीं शताब्दी में अफगानिस्तान के बामियान क्षेत्र से मानी जाती है, जहां अलसी, अखरोट और खसखस के तेलों से बने रंगों का प्रयोग किया गया था। बाद में लियोनार्डो दा विंची, पाब्लो पिकासो, विंसेंट वैन गॉग, माइकल एंजेलो तथा भारत में राजा रवि वर्मा जैसे कलाकारों ने इस कला को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उन्होंने बताया कि शिविर में प्रतिभागियों को तेल रंगों की पहचान, कैनवास तैयार करने की विधि, रंग संयोजन तथा चित्रांकन की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान हिंदी-अंग्रेजी कैलीग्राफी, शकुंतला चित्रण, प्रकृति चित्रण तथा गौरी-गणेश बुंदेली लोक चित्रण जैसे विषयों पर अभ्यास कराया गया। समापन अवसर पर कलासाधकों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे देखकर अतिथि एवं दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। मुख्य अतिथि मिनी वर्मा ने कहा कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाती है। उन्होंने हाल ही में प्रकाशित एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन का उल्लेख करते हुए कहा कि कलात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी जैविक उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करने में सहायक होती है। उन्होंने शिविर में तैयार किए गए चित्रों की सराहना करते हुए इसका श्रेय प्रशिक्षक ओमप्रकाश बिरथरे के मार्गदर्शन को दिया। अध्यक्षता कर रहीं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या शांति मालवीय ने कहा कि ओमप्रकाश बिरथरे वर्ष 2014 से लगातार ग्रीष्मकालीन कला शिविरों का आयोजन कर बच्चों और युवाओं को मोबाइल एवं रील संस्कृति से दूर रखकर रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ रहे हैं, जो सराहनीय कार्य है। इंटैक चैप्टर संयोजक संतोष शर्मा ने कहा कि शिविर में तैयार की गई कलाकृतियां प्रतिभागियों की मेहनत और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने कलाकारों से निरंतर कला साधना जारी रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में 32 कलासाधकों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कलासाधक सिद्धार्थ सक्सेना ने कला भवन का प्रतिरूप अपने गुरु ओमप्रकाश बिरथरे को भेंट किया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस विशेष...

योग भगाए रोग, 59 वर्ष की उम्र में भी पूरी तरह स्वस्थ हैं ओम पुष्पद

नवीन रण्डवाल ⏭ सारंगपुर



योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की एक संपूर्ण पद्धति है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सारंगपुर के निवासी समाजसेवी ओम पुष्पद योग के माध्यम से निरोगी जीवन का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आए हैं। 59 वर्ष की आयु में भी वे पूरी तरह स्वस्थ, सक्रिय और ऊर्जावान हैं, जिसका श्रेय वे नियमित योगाभ्यास को देते हैं।

ओम पुष्पद पिछले लगभग 20 वर्षों से प्रतिदिन प्रातःकाल योग, प्राणायाम और ध्यान के साथ अपने दिन की शुरुआत करते हैं। उनका कहना है कि योग ने उनके जीवन को नई दिशा दी और उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाया है। उन्होंने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व उन्हें हृदयाघात (हार्ट अटैक) हुआ था। उपचार के बाद स्वास्थ्य में सुधार तो हुआ, लेकिन उन्होंने यह महसूस किया कि केवल दवाइयों के भरोसे स्वस्थ जीवन संभव नहीं है। इसके बाद उन्होंने योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बना लिया और नियमित रूप से योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान करना शुरू किया। ओम पुष्पद के अनुसार नियमित योगाभ्यास से उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि हुई है, तनाव कम हुआ है और शरीर में स्फूर्ति बनी रहती है। उनका मानना है कि योग शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है तथा अनेक बीमारियों से बचाव में सहायक होता है। योग शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित कर सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। वे अपने आसपास के लोगों को भी योग अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। उनका कहना है कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली, तनाव, अनियमित खानपान और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण अनेक बीमारियां बढ़ रही हैं। ऐसे समय में योग सबसे सरल, सुलभ और प्रभावी उपाय है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उन्होंने युवाओं और बुजुर्गों से प्रतिदिन कुछ समय योग के लिए निकालने की अपील की। उनका कहना है कि नियमित योग से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक शांति, आत्मविश्वास और जीवन की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार आता है। ओम पुष्पद का जीवन इस बात का जीवंत उदाहरण है कि नियमित योगाभ्यास से बढ़ती उम्र में भी स्वस्थ, सक्रिय और खुशहाल जीवन जिया जा सकता है। वास्तव में, "योग भगाए रोग" केवल एक नारा नहीं, बल्कि निरोगी जीवन का मूल मंत्र है।

290 नव नियुक्त आरक्षकों को नियुक्ति पत्र दिए
चक्षु-360 सीसीटीवी परियोजना का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

राजगढ़ पुलिस के आधुनिकीकरण, तकनीकी सशक्तिकरण एवं क्षमता संवर्धन की दिशा में रक्षित केंद्र राजगढ़ में एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 290 नव नियुक्त आरक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। 300 टैबलेट वितरित किए गए तथा ''चक्षु-360'' सीसीटीवी परियोजना का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गिरीश मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित कुमार तोलानी सहित जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत पुलिस मुख्यालय से प्राप्त नवीन वाहनों एवं ''चक्षु-360'' परियोजना के अंतर्गत स्थापित किए जाने वाले सीसीटीवी कैमरों का विधिवत पूजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजगढ़ द्वारा जिले में संचालित पुलिस आधुनिकीकरण एवं तकनीकी उन्नयन से संबंधित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।





संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी को मजबूती

राजगढ़ नगर को सुरक्षित, आधुनिक एवं तकनीक-सक्षम बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर गिरीश मिश्रा के मार्गदर्शन तथा विधायक निधि एवं नगर परिषद राजगढ़ के सहयोग से लगभग 1 करोड़ की लागत से नगर के 35 प्रमुख स्थानों पर 130 अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जा रहे हैं। यह कैमरे पुलिस कंट्रोल रूम से एकीकृत निगरानी प्रणाली के माध्यम से संचालित होंगे, जिससे अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था संधारण, यातायात प्रबंधन, महिला एवं बाल सुरक्षा तथा संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी को नई मजबूती मिलेगी। साथ ही घटनाओं की त्वरित जांच एवं डिजिटल साक्ष्य संकलन में भी महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त होगी।

नव नियुक्त आरक्षकों को प्रदान किए गए नियुक्ति पत्र

मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित आरक्षक भर्ती वर्ष-2025 के अंतर्गत चयनित होकर राजगढ़ जिले में पदस्थ 290 नव नियुक्त आरक्षकों को कार्यक्रम के दौरान नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। नवीन आरक्षकों के पुलिस बल में शामिल होने से जिले में कानून-व्यवस्था संधारण, अपराध नियंत्रण, यातायात प्रबंधन एवं जनसुरक्षा संबंधी कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाया जा सकेगा।

300 टैबलेट वितरित

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा राजगढ़ जिले को उपलब्ध कराए गए 300 टैबलेट कार्यक्रम के दौरान विवेचना अधिकारियों एवं पुलिस कर्मचारियों को वितरित किए गए। इन टैबलेट्स के माध्यम से डिजिटल साक्ष्य संकलन, घटनास्थल निरीक्षण, ऑनलाइन दस्तावेजीकरण तथा नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी। इससे विवेचना की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं कार्य निष्पादन की गति में उल्लेखनीय सुधार होगा।

नवीन पुलिस वाहनों का पूजन

कार्यक्रम में पुलिस मुख्यालय द्वारा राजगढ़ पुलिस को प्रदाय 01 ट्रक, 01 मिनी बस एवं 04 बोलेरो वाहन का विधिवत पूजन किया गया। इन वाहनों से पुलिस बल की गतिशीलता, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा।

पुलिस अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान राजगढ़ पुलिस के उन अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा के माध्यम से विभाग की प्रतिष्ठा एवं गौरव में अभिवृद्धि की है। अपने संबोधन में अतिथियों ने राजगढ़ पुलिस द्वारा किए जा रहे आधुनिकीकरण, तकनीकी नवाचार एवं जनहितैषी प्रयासों की सराहना करते हुए इसे जिले की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

बोवनी की तैयारी में जुटे किसान

दो घंटे हुई झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

क्षेत्र में शनिवार दोपहर करीब दो घंटे तक हुई अच्छी बारिश से मौसम सुहाना हो गया। लंबे समय से गर्मी और उमस से परेशान लोगों को राहत मिली। बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई और वातावरण में ठंडक घुल गई। बारिश का सबसे अधिक लाभ किसानों को मिला है। खेतों में पर्याप्त नमी आने के बाद किसान अब खरीफ फसलों की बोवनी की तैयारी में जुट गए हैं। कई किसानों ने खेतों की जुताई और अन्य कृषि कार्य तेज कर दिए हैं। किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में भी अच्छी बारिश होती रही तो सोयाबीन, मक्का और अन्य खरीफ फसलों की बोवनी समय पर हो सकेगी। बारिश के दौरान बच्चों और युवाओं ने भी मौसम का आनंद लिया, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों और जलस्रोतों में पानी की आवक शुरू हो गई है। किसानों और आमजन को अब मानसून की अच्छी बारिश की उम्मीद है, जिससे कृषि कार्यों को गति मिलेगी और जल संकट से भी राहत मिलेगी।

जाम में फंसे लोग, भीड़ में जिला अध्यक्ष दावेदार की जेब से डेढ़ लाख चोरी

भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष के स्वागत में शक्ति प्रदर्शनः मंच टूटा, नीचे गिरे पदाधिकारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

राजगढ़ में भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के शनिवार को राजगढ़ आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने शक्ति प्रदर्शन किया। शहर में जगह-जगह स्वागत मंच लगाए गए और बैनर-पोस्टरों से सड़कों को पाट दिया गया। इस दौरान खिलचीपुर नाके पर बना एक स्वागत मंच अधिक लोगों के चढ़ने से टूट गया, जिससे प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर समेत कई नेता नीचे गिर गए। हालांकि घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। वहीं भीड़ का फायदा उठाकर चोरों ने भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पद के एक दावेदार की जेब से डेढ़ लाख रुपए से भरा पर्स भी पार कर दिया।

ब्यावरा नाका से खिलचीपुर नाके तक स्वागत की होड़: प्रदेशाध्यक्ष के स्वागत को लेकर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में होड़ दिखाई दी। ब्यावरा नाका से लेकर खिलचीपुर नाके तक दर्जनों स्वागत मंच और बैनर लगाए गए ब्यावरा, सारंगपुर, खुजनेर, सुठालिया सहित जिलेभर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता राजगढ़ पहुंचे। खिलचीपुर नाके पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद के तीन दावेदारों ने अलग-अलग मंच बनाकर स्वागत की तैयारी की थी।

एक साथ चढ़े नेता, भरभराकर टूट गया मंच: युमो प्रदेशाध्यक्ष के स्वागत के दौरान मंच पर फोटो खिंचवाने और माला पहनाने की होड़ मच गई। इसी दौरान एक साथ बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता मंच पर चढ़ गए, जिससे मंच अचानक टूट गया। मंच टूटने से प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर सहित कई लोग नीचे गिर पड़े। राहत की बात रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई।

पुलिस की मौजूदगी में लगा जाम, आम लोग परेशान: कार्यक्रम के दौरान नेशनल हाईवे सहित खिलचीपुर नाका, ब्यावरा नाका, खुजनेर रोड और अस्पताल मार्ग पर वाहनों का दबाव बढ़ गया। विभिन्न दिशाओं से आने वाले वाहन एक ही स्थान पर फंस गए, जिससे लंबा जाम लग गया। पुलिस की मौजूदगी के बावजूद यातायात व्यवस्था प्रभावित रही और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

भीड़ में जेब कटी, डेढ़ लाख रुपए से भरा पर्स चोरी

कार्यक्रम स्थल पर मौजूद भीड़ का फायदा उठाकर चोरों ने भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पद के दावेदार गौरव सोनी को निशाना बनाया। उनकी जेब से करीब डेढ़ लाख रुपए से भरा पर्स चोरी हो गया। भीड़ अधिक होने के कारण उन्हें घटना की जानकारी तत्काल नहीं लग सकी। बाद में उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण शुरू, 650 स्वयंसेवकों को तैयार करने का लक्ष्य

घटना के बाद का पहला घंटा यानी गोल्डन ऑवर सबसे महत्वपूर्ण होता : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



आपदा के समय घटना के बाद का पहला घंटा यानी गोल्डन ऑवर सबसे महत्वपूर्ण होता है। यदि इस दौरान प्रशिक्षित और जागरूक लोग सक्रियता से कार्य करें तो बड़ी से बड़ी दुर्घटना के प्रभाव को कम किया जा सकता है। यह बात कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने पीजी कॉलेज में आयोजित युवा आपदा मित्र योजना अंतर्गत स्वयंसेवक प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कही। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

कलेक्टर कन्याल ने कहा कि जब हम आपदा की बात करते हैं तो हमारे मन में बड़ी घटनाओं की तस्वीर उभरती है, लेकिन यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि ऐसे समय में आगे आने वाले लोगों की संख्या बढ़े। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि वे स्वयं आपदा प्रबंधन की जानकारी प्राप्त करें और कम से कम 10 अन्य लोगों को भी इसके बारे में प्रशिक्षित करें। उन्होंने घर-परिवार के सदस्यों को भी आपदा प्रबंधन के मूलभूत उपाय सिखाने का आग्रह किया। कलेक्टर ने कहा कि सीखने की प्रक्रिया सवालों से शुरू होती है, इसलिए प्रशिक्षण के दौरान अधिक से अधिक प्रश्न पूछें और व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करें। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्रक्रिया एवं प्रतिभागियों को प्रदान की जाने वाली आपातकालीन प्रतिक्रिया किट (ईआरके) की भी जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने कहा कि किसी भी प्रशिक्षण का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष उसका व्यवहारिक ज्ञान होता है। पढ़ाई आवश्यक है, लेकिन वास्तविक परिस्थितियों में काम आने वाली सीख उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से इस प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने का आह्वान करते हुए कहा कि इस कौशल के माध्यम से किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है और इससे अधिक मूल्यवान कार्य कोई नहीं हो सकता।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कामण्डेंट होमगार्ड आरके पाथरोल ने बताया कि युवा आपदा मित्र योजना भारत सरकार की पहल है, जिसका संचालन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में मध्यप्रदेश के 11 जिलों में यह योजना संचालित है, जिनमें गुना भी शामिल है। योजना के अंतर्गत जिले में कुल 650 युवा आपदा मित्र तैयार किए जाने हैं।

